नवभारत
भोपाल, ,सोमवार 16 मार्च 2026

लिफ्ट में जेब काटने की कोशिश

जिला अस्पताल का मामला, लोगों ने युवक को पुलिस के हवाले किया

छतरपुर, 15 मार्च. छतरपुर के जिला अस्पताल में लिफ्ट के अंदर जेब काटने की कोशिश करते एक युवक को लोगों ने रंगे हाथ पकड़ लिया. गुस्साए परिजनों ने पहले उसकी पिटाई की, बाद में अस्पताल चौकी के माध्यम से उसे पुलिस के हवाले कर दिया. घटना के बाद कुछ देर के लिए अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया.

जानकारी के अनुसार इलाज के लिए आए एक मरीज के परिजन लिफ्ट से ऊपर जा रहे थे. इसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर एक युवक ने उनकी जेब से करीब 4 हजार रुपये निकालने की कोशिश की. जेब में हलचल महसूस होते ही पीड़ित ने युवक का हाथ पकड़ लिया और शोर मचा दिया, जिससे वहां मौजूद लोग इकट्ठा हो गए.

शोर सुनकर अस्पताल के गार्ड मौके पर पहुंचे और लोगों की मदद से युवक को पकड़कर अस्पताल चौकी की ओर ले जाया गया. इस दौरान गुस्साई भीड़ ने उसकी पिटाई भी कर दी. बाद में कर्मचारियों ने बीच-बचाव कर युवक को भीड़ से बचाया और पुलिस के हवाले कर दिया.

पुलिस के अनुसार युवक नशे की हालत में था और उसकी तबीयत भी ठीक नहीं थी. प्राथमिक उपचार के बाद उसे उसके घर भेज दिया गया. अस्पताल गार्डों के मुताबिक वह पहले भी परिसर में संदिग्ध गतिविधियों के दौरान पकड़ा जा चुका है, जिसके बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं.

छतरपुर-कानपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस शुरू

खजुराहो, महोबा, सुमेरपुर और मौदहा होते हुए चलेगी ट्रेन

छतरपुर, 15 मार्च. इंडियन रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए छतरपुर से कानपुर के बीच नई इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन शुरू किया है. इस ट्रेन के शुरू होने से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच

छतरपुर क्षेत्र के यात्रियों को मिला नया विकल्प

कनेक्टिविटी बेहतर हुई है, साथ ही हमीरपुर जिले के सुमेरपुर और मौदहा क्षेत्र के यात्रियों को भी बड़ी राहत मिली है.

रेलवे प्रशासन के अनुसार यह ट्रेन छतरपुर से चलकर खजुराहो और महोबा के रास्ते सुमेरपुर और मौदहा स्टेशनों पर ठहरते हुए कानपुर पहुंचेगी. इससे व्यापारियों, नौकरीपेशा लोगों और छात्रों को यात्रा के लिए एक नया और सुविधाजनक विकल्प मिला है. उत्तर-मध्य रेलवे झांसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार सिंह के अनुसार ट्रेन शुक्रवार रात 10 बजे कानपुर सेंट्रल से रवाना होकर रात 11:21 बजे हमीरपुर रोड, 2:45 बजे महोबा, सुबह 4:15 बजे खजुराहो पहुंचते हुए सुबह 6 बजे छतरपुर पहुंचेगी. वापसी में शनिवार शाम 5:30 बजे छतरपुर से रवाना होकर रात 2:15 बजे कानपुर पहुंचेगी.

इस विशेष ट्रेन में कुल 20 कोच लगाए गए हैं, जिनमें 18 स्लीपर और 2 एसएलआर कोच शामिल हैं. यह अनारक्षित ट्रेन है, इसलिए यात्री स्टेशन से टिकट लेकर यात्रा कर सकेंगे. रेलवे के इस फैसले से क्षेत्रीय यात्रियों, व्यापारियों और मरीजों को कानपुर जैसे बड़े व्यापारिक और मेडिकल हब तक पहुंचने में काफी सुविधा मिलेगी.

छत से गिरा युवक, मौत

छतरपुर, 15 मार्च. नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुरा में एक युवक की छत से गिरने से मौत हो गई. बताया जा रहा है कि मानपुरा निवासी दिनेश राजपूत शनिवार रात घर में खाना खाने के बाद छत पर सोने के लिए गया था. इसी दौरान किसी कारणवश वह छत से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया. परिजनों द्वारा उसे तुरंत जिला अस्पताल छतरपुर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है. रविवार 15 मार्च को दोपहर करीब 12 बजे जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया.

खाना खाने के बाद छत पर सोने गया था

30 हजार श्रद्धालुओं ने किया हनुमान चालीसा हवन

बागेश्वर धाम
- ऑनलाइन 4-5 लाख लोग जुड़े
- आस्था और तकनीक का अनोखा संगम

छतरपुर, 15 मार्च. बागेश्वर धाम में आस्था और तकनीक का अनोखा संगम उस समय देखने को मिला, जब सामूहिक श्री हनुमान चालीसा हवन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया. इस आयोजन में करीब 30 हजार लोग एक साथ बैठकर हवन में शामिल हुए, जबकि देश-विदेश से लगभग 4 से 5 लाख श्रद्धालु



ऑनलाइन माध्यम से जुड़े. यह विशेष अभियान 25 दिसंबर से शुरू हुआ था, जिसके तहत पहले चरण में कुल पांच सामूहिक हवन आयोजित किए जा रहे हैं. हाल ही में इसका चौथा आयोजन संपन्न हुआ, जबकि पहले चरण का अंतिम हवन 20 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा. आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धाभाव से हनुमान चालीसा का पाठ किया और हवन में आहुतियां दीं. श्रद्धालुओं का मानना है कि सामूहिक प्रार्थना और हवन से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा और लोगों को मानसिक व आध्यात्मिक शक्ति मिलेगी.

कार्यक्रम में करीब पौने दो लाख घरों ने सिर्फ यूट्यूब के माध्यम से सहभागिता की. इसके अलावा फेसबुक, इंस्टाग्राम और संस्कार टीवी के जरिए भी लाखों लोगों ने जुड़कर श्री हनुमान चालीसा हवन में भाग लिया.

ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

आनंदपुर 15 मार्च. ग्राम पंचायत आनंदपुर में नल-जल योजना की अव्यवस्था और पानी की गंभीर समस्या से परेशान ग्रामीणों ने चक्का जाम कर धरना प्रदर्शन किया. ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच और ठेकेदार के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण गांव में पीने के पानी की भारी किल्लत हो गई है, जिससे लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है.

मंगलवार को आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर उतर आए और चक्का जाम कर नारेबाजी करते हुए पानी की मांग करने लगे. इस दौरान पंचायत व्यवस्था और ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए गए. चक्का जाम की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और मौके पर लटेरी तहसीलदार जगत प्रताप शौर्य पहुंचे. उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और तत्काल पीएचई विभाग के इंजीनियर तथा ठेकेदार के कर्मचारियों को मौके

पानी की समस्या को लेकर उतरे सड़क पर

पर बुलाया. तहसीलदार ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि अगले ही दिन पानी की समस्या का समाधान कराया जाएगा. प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीणों से चक्का जाम समाप्त करने की अपील की गई, जिसके बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन समाप्त कर रास्ता खोल दिया.

एक नजर में

अवैध गिट्टी परिवहन करते दो ट्रक जब्त

छतरपुर. छतरपुर जिले में अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो हाईवा ट्रकों को जब्त किया है. सहायक खनिज अधिकारी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई से अवैध खनिज कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार इस्कॉन प्राइवेट लिमिटेड के क्रेशर से जुड़े दो हाईवा ट्रक अवैध रूप से गिट्टी का परिवहन कर रहे थे. सूचना मिलने पर खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ट्रक नंबर एमपी 04 एचई 5782 तथा एमपी 04 एचई 5778 को पकड़ लिया. जांच के दौरान वाहनों के पास परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज नहीं पाए गए, जिसके बाद दोनों ट्रकों को जब्त कर लिया गया. सहायक खनिज अधिकारी ज्ञानेश्वर तिवारी ने अपनी टीम के साथ कार्रवाई करते हुए दोनों वाहनों को कब्जे में लिया. इसके बाद जब्त किए गए ट्रकों को बकस्वाहा थाना परिसर में खड़ा कराया गया है, जहां आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है. खनिज विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है. ऐसे मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी.

बेतवा में मिली एक्सपायरी डेट की दवाइयां

गंजबासौदा, बेतवा नदी के अंदर मेडिकल सामग्री दवाइयां मिलना मनुष्यों के साथ जीव जंतुओं के लिए भी खतरा हो सकता है. बेतवा नदी के अंदर सफाई के दौरान मेडिकल सामग्री एक्सपायरी डेट की दवाइयां मिलना मनुष्य एवं जीव जंतुओं के लिए बहुत खतरनाक है यह सामग्री पढ़े-लिखे लोग डाल रहे हैं .क्योंकि मेडिकल सामग्री हर किसी के पास नहीं होती यह गंभीर मुद्दा है इसकी जांच प्रशासन को करना चाहिए. लोगों का कहना है कि एक्सपायरी डेट की दवाइयां जमीन के अंदर भी दफनाई जा सकती है या उन्हें जलाया जा सकता है .परंतु ऐसा न करके अस्पताल, दवाखाना कुछ मेडिकल स्टोर्स वाले इस तरह का कृत्य कर रही है जो ठीक नहीं है जब भी उन्हें जानकारी मिलती है .छापामारी कार्यवाही होने वाली है तो वह आनन फानन में यह निर्णय लेते हैं. अन्यथा एक्सपायरी डेट की दवा है मरीजों को थमा देते हैं .कुछ मेडिकल वाले बगैर डॉक्टर की जांच किये बगैर पर्ची के सीधे तौर पर भी दवाइयां बेचते हैं .उनके विरुद्ध कार्रवाई क्यों नहीं की जाती.

कांग्रेस का प्रदर्शन आज

विदिशा, शहर में सड़कों की बार-बार खुदाई, कचरा टैक्स और बेतवा नदी में मिल रहे सीवेज के विरोध में जिला कांग्रेस द्वारा सोमवार 16 मार्च को प्रदर्शन किया जाएगा. जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने आरोप लगाया कि बिना किसी ठोस कार्ययोजना के नगर पालिका द्वारा शहर की मुख्य सड़कों को बार-बार खोदकर दोबारा बनाया जा रहा है, जिससे भ्रष्टाचार की आशंका बन रही है. उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान के नाम पर हर वर्ष लाखों रुपये का बजट मिलने के बावजूद नगर पालिका जनता को राहत देने के बजाय कचरा टैक्स के नाम पर आर्थिक बोझ डाल रही है. नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रवि साहू और जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा एडवोकेट ने बताया कि दोपहर 3 बजे माधवगंज चौराहे से कांग्रेस कार्यकर्ता रैली के रूप में नगर पालिका कार्यालय पहुंचेंगे और नगर पालिका की नीतियों के विरोध में ज्ञापन सौंपेंगे.

भगवान झूलेलाल जयंती पर निकली रैली

विदिशा, भगवान श्री झूलेलाल जी की जयंती के उपलक्ष्य में पूज्य सिंधी पंचायत विदिशा द्वारा रविवार को विशाल एकता वाहन रैली निकाली गई. सिंधी पंचायत के ऑडिटर रवि तलरेजा ने बताया कि रैली का शुभारंभ झूलेलाल मंदिर परिसर से मंत्रोच्चार के साथ किया गया. रैली सुबह 11 बजे सिंधी धर्मशाला डंडापुरा से प्रारंभ होकर सिंधी कॉलोनी, बस स्टैंड, नीमताल अस्पताल रोड, माधवगंज, तिलक चौक सहित विभिन्न मार्गों से होती हुई पुन: सिंधी कॉलोनी में समाप्त हुई.

नेशनल लोक अदालत

64 प्रकरणों का हुआ निराकरण

बड़ामलहरा, 15 मार्च. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में शनिवार को न्यायालय परिसर में आयोजित नेशनल लोक अदालत में 64 प्रकरण निराकृत किये गये, जिससे 153 लोग लाभान्वित हुये. वहीं बैंक संबंधी एवं नगरपरिषद सम्पत्ति कर जलकर संबंधी प्रकरणों में 53 लाख 83 हजार 64 रुपये की वसूली की गई.

53 लाख से अधिक की हुई वसूली

नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ खण्डपीठ 27 के न्यायाधीश अभिषेक दीक्षित एवं खण्डपीठ क्रमांक 28 की न्यायाधीश संगीता कोरकू ने अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ओ.पी.शर्मा नगरपरिषद के सीएमओ अक्षय गर्ग बैंक एवं नगरीय निकाय के कर्मचारी अधिवक्ताओं तथा पक्षकारों की मौजूदगी मे दीपप्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया. सिविल न्यायालय प्रांगण में आयोजित नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु दो खण्डपीठों का गठन किया गया, जिसमें खण्डपीठ क्रमांक 27 के न्यायाधीश अभिषेक दीक्षित एवं खण्डपीठ क्रमांक 28 की न्यायाधीश संगीता कोरकू की खण्डपीठों के सुचारू संचालन हेतु सुलहकर्ता सदस्य के रूप में अधिवक्ता संगीता अवस्थी एवं ओ.पी.शर्मा का चयन किया गया .नेशनल लोक अदालत की दोनों खण्डपीठों के समक्ष 77 प्रकरण निराकरण हेतु रखें गये जिसमें 64 मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया जिससे 153 लोग लाभान्वित हुये .जबकि महिला संबंधी 17 प्रकरणों का निराकृत किये गये लोक अदालत के माध्यम से महिला संबंधी मामलो का निराकरण होने से टूटते रिश्ते एक हो गये .

प्री - लिटिगेशन के प्रकरणों मे बैंक संबंधी 447 मामलों मे से 46 निराकृत कर 35लाख 5 हजार रुपये की वसूली की गई .वहीं नगरपालिका सम्पति कर के 772 मामलों में से 154 निराकृत कर 7 लाख 702 रुपये की वसूली की गई. जलकर के 398 प्रकरणों में से 71 निराकृत कर 11लाख 77 हजार 362 रुपये की वसूली की गई .इस तरह कुल 53 लाख 83 हजार 64 रुपये की बसूली की गई. वहीं महिला संबंधी 17 प्रकरण निराकृत किये गये जिससे बच्चों को अब माता पिता दोनों का स्नेह मिलेगा तथा बिखरे हुये परिवार एक हो गये.

ओवरब्रिज के गड्ढे में गिरी बाइक, युवक की मौत

राजनगर क्षेत्र के पाय स्टेशन के पास हादसा, एक गंभीर घायल ग्वालियर रेफर

छतरपुर, 15 मार्च. छतरपुर जिले के राजनगर क्षेत्र के अंतर्गत पाय स्टेशन के पास निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज पर बीती रात बड़ा हादसा हो गया. रात करीब 8 बजे एक बाइक गहरे गड्ढे में गिर गई, जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल को बेहतर इलाज के लिए ग्वालियर रेफर किया गया है.

मृतक की पहचान हरेंद्र अनुरागी निवासी गढ़ी मल्हार के रूप में हुई है. परिजनों के अनुसार हरेंद्र अपने साथी के साथ सफेद रंग की अपाची बाइक से गढ़ी मलहरा से खजुराहो में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था, तभी रास्ते में यह दुर्घटना हो गई. हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया. ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ओवरब्रिज निर्माण में ठेकेदार द्वारा सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है, जिसके कारण पहले भी छोटे हादसे हो चुके हैं. वहीं निर्माण कार्य से जुड़ी कंपनी के साइड इंजीनियरों का कहना है कि स्थल पर गड्ढा नहीं बल्कि रैंप बना हुआ है और संभवत: तेज रफ्तार के कारण दुर्घटना हुई. घटना के बाद मौके पर बैरिकेडिंग करा दी गई है.

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि निर्माण स्थल पर न तो बैरिकेडिंग की गई थी और न ही कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया था. रात के अंधेरे में बाइक सवारों को सामने बना गहरा गड्ढा दिखाई नहीं दिया और वे सीधे उसमें गिर पड़े.

कट्टा दिखाकर की मारपीट

छतरपुर, 15 मार्च. छतरपुर जिले के गौरीहर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कितपुरा में मारपीट और धमकी देने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.

आरोपी गिरफ्तार

पुलिस के अनुसार आरोपी ने अवैध हथियार का धौंस दिखाते हुए फरियादी और उसके परिजनों के साथ मारपीट की थी तथा उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी. इस मामले में थाना गौरिहार में भारतीय न्याय संहिता और आर्मस एक्ट की धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया था. घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था, जिसकी पुलिस लगातार तलाश कर रही थी. कॉम्बिंग गश्त के दौरान

पुलिस टीम ने ग्राम कितपुरा में छापेमारी कर आरोपी बुद्ध सिंह राजपूत पुत्र राम आसरे राजपूत, निवासी कितपुरा को गिरफ्तार कर लिया. तलाशी के दौरान उसके पास से घटना में प्रयुक्त अवैध देशी कट्टा और एक कुल्हाड़ी बरामद हुई, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है.

मंदिर से बच्ची चुराने का किया प्रयास

गंजबासौदा, लाल पठार स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में एक व्यक्ति पहुंचा और उसने कहा हमारी बच्ची प्राची नामक यहां पढ़ती है उसे बुलाओ विद्यालय के कर्मचारियों ने प्राचार्य तथा स्टाफ से चर्चा की तो उन्होंने बाहर आकर उक्त व्यक्ति का नाम बच्ची की क्लास की जानकारी मांगी तो वह यह सुनते ही वहां से भाग निकला. शिक्षक उसे आवाज लगाते रहे लेकिन वह रफू चक्कर हो गया. इससे विद्यालय में हलचल बढ़ गई. यह चिंता का विषय है. पुलिस में रिपोर्ट अज्ञात व्यक्ति के नाम से डालना चाहिए. अन्य विद्यालयों को सजग रहना चाहिए. इस तरह की घटनाएं बढ़ना चिंता का विषय है.

अपराध महाराजगंज गांव में जूते, डंडे और कुल्हाड़ी से हमला; चार लोग घायल

मोबाइल चलाने पर दलित युवक की पिटाई

छतरपुर, 15 मार्च. छतरपुर जिले के महाराजगंज गांव में एक दलित युवक और उसके परिवार के साथ मारपीट का मामला

परिवार पर भी हमला

सामने आया है. आरोप है कि दुकान पर मोबाइल चलाने को लेकर दबंगों ने युवक को जूतों से पीटा और जब परिवार की महिलाएं बचाने पहुंचीं तो उन पर भी लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया. घटना में परिवार के चार लोग घायल हो

गए, जिन्हें पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है. पीड़ित वीरेंद्र अहिरवार के अनुसार बीती रात वह गांव की दुकान पर सामान लेने गया था और वहीं खड़े होकर मोबाइल चला रहा था. इसी दौरान गांव के ही भरत लाल पटेल, जी लाल पटेल और एक अन्य व्यक्ति ने उससे गाली-गलौज शुरू कर दी और जूतों से मारपीट करने लगे, जब वीरेंद्र के पिता भागीरथ अहिरवार, मां हब्बू बाई अहिरवार और बहन नैना अहिरवार बीच-बचाव के लिए पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया और जातिसूचक गालियां दीं.

सूचना मिलने पर की सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल छतरपुर में भर्ती कराया. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

अज्ञात वाहन ने सड़क पार करते समय बुजुर्ग को मारी टक्कर

छतरपुर, 15 मार्च. छतरपुर नगर क्षेत्र में खेरो और अनगोर गांव के बीच सड़क पार कर रहे एक बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई.

जिला अस्पताल में मृत घोषित

जानकारी के अनुसार बुजुर्ग शामली कुशवाहा सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी. हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों की मदद से उन्हें तुरंत डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल छतरपुर ले जाया गया,

जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. रविवार 15 मार्च को सुबह करीब 11 बजे जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया. पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है.